हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, सोमवार, 16 जून, 2025

11 फतेहाबाद जिले में पंचायत उपचुनाव शांतिपूर्वक सम्पन्न...



12 स्कॉलर्स कान्वेंट स्कूल के 5 विद्यार्थियों ने नीट एग्जाम पास...



## प्रोत्साहन राशि बढ़ाई, आज से धान की रोपाई शुरू

# धान की सीधी बिजाई से पानी बचत के साथ-साथ कृषि लागत में आएगी कमी

### धान की सीधी बिजाई किसानों के लिए फायदे का सौदा, जिले को तीन गुणा अधिक मिला टारगेट

सुरेन्द्र असीजा ▶▶| फतेहाबाद

धान की खेती के चलते लगातार गिर रहे भूजल स्तर को बचाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा धान की सीधी बिजाई करने के लिए किसानों को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि 4 हजार प्रति एकड़ से बढ़ाकर 4500 रुपये प्रति एकड़ कर दी है। सरकार ने जिला के कृषि विभाग को इस वर्ष धान की सीधी बिजाई के लक्ष्य को बढ़ाकर पिछले साल से तीन गुणा कर दिया है। पिछले साल 25 हजार एकड़ में सीधी बिजाई का लक्ष्य रखा गया था जिसे इस साल बढ़ाकर 75 हजार एकड़ कर दिया गया है। कृषि विभाग ने इसे डीएसआर योजना का नाम दिया है। इससे जल संरक्षण तो होगा ही, किसानों को प्रोत्साहन राशि भी मिलेगी। उधर आज से धान की रोपाई भी शुरू हो गई है। प्रदेश सरकार ने धान की सीधी बिजाई के लिए जहां प्रोत्साहन राशि 4 हजार प्रति एकड़ से बढ़ाकर 4500 रुपये कर दी है वहीं धान की सीधी बिजाई की मशीन खरीदने वाले किसानों को 40 हजार रुपये की अनुदान राशि देने की भी घोषणा की है। सीधी बिजाई का पंजीकरण करने की अंतिम तिथि 10 जुलाई रखी गई है। फतेहाबाद में अभी तक 20 हजार एकड़ से अधिक धान की सीधी बिजाई के लिए पंजीकरण हो चुका है। कृषि विभाग के अधिकारी भी गांवों में जाकर किसानों से मिल रहे हैं और उन्हें धान की सीधी बिजाई के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।



फतेहाबाद। खेतों में की गई धान की सीधी बिजाई, बिजाई करते किसान।



#### पिछले साल की नहीं मिली प्रोत्साहन राशि

बता दें कि पिछले वर्ष जिन किसानों ने फसल चक्र अपनाया था, उन्हें अभी तक प्रोत्साहन राशि नहीं मिली है। सीधी बिजाई शुरू कर चुके किसान इस योजना के तहत सरकार ऐसे किसानों को भी प्रोत्साहन देती है जो धान की फसल की सीधी बिजाई करते हैं। जिले के रतिया व टोहाना इलाके के कुछ किसानों ने धान की सीधी बिजाई भी शुरू की हुई है लेकिन इस बार विभाग द्वारा किसानों को प्रेरित नहीं करने के लिए चलते किसानों का रुझान सीधी बिजाई की तरफ बिल्कुल कम है।

#### इसी सप्ताह आ जाएगी प्रोत्साहन राशि

धान की सीधी बिजाई के लिए सरकार ने 75 हजार एकड़ का लक्ष्य दिया है जोकि गत वर्ष के मुकाबले तीन गुणा है। जिन किसानों ने पिछले साल पंजीकरण करवाया था, उन किसानों के खाते में इस सप्ताह प्रोत्साहन राशि जारी हो जाएगी। किसान जल संरक्षण के लिए आगे आए और धान की रोपाई की जगह धान की सीधी बिजाई करें। -राजेश सिहाग, डीडीए, फतेहाबाद

#### सस्ती पड़ती है सीधी बिजाई

किसान धान की रोपाई करता है तो उससे पूर्व उसे धान की पौध खरीदनी पड़ती है। इसके बाद धान की रोपाई पर 6 से 8 हजार रुपये प्रति एकड़ का खर्च आता है। इस पर सरकार की तरफ से कोई अनुदान नहीं मिलता। पानी का अधिक दोहन होता है। बारिश की कमी होने पर ट्यूब्वैल के माध्यम से भूमि में पानी खड़ा रखना पड़ता है जोकि काफी महंगा पड़ता है। धान की सीधी बिजाई पर एक तरफ सरकार किसानों को प्रोत्साहन राशि देती है वहीं इसमें पानी की खपत भी कम होती है।

#### सवा लाख हेक्टेयर में होता है धान

बता दें कि जिले में धान की रोपाई सवा लाख हेक्टेयर में होती है, रतिया, टोहाना, फतेहाबाद व भूना इलाके में ज्यादातर किसान धान की खेती करते हैं, इसके अलावा फतेहाबाद के जिन गांवों में सेम की समस्या है उनमें भी किसान पिछले साल से धान लगाने लगे हैं। जिले में डेढ़ लाख एकड़ से अधिक क्षेत्र में नरमा की बिजाई हुई है। जिले की धान बैलट में धान की फसल में पानी का दोहन अधिक होने के चलते भू-जल स्तर लगातार नीचे जा रहा है।



फतेहाबाद। मीटिंग में भाग लेते जगसंगठनों के लोग। फोटो : हरिभूमि

## डीसी दफ्तर के सामने जनसंगठन कल करेंगे धरना प्रदर्शन

- इरान को युद्ध के लिए उकसाना बंद करे : जनसंगठन मंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

शहीद उद्धम सिंह भवन फतेहाबाद में जनसंगठनों की संयुक्त मीटिंग जिला संयोजक किसान नेता जगतार सिंह की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग में खेतमजदूर युनियन जिला सचिव रामकुमार बहबलपुरिया, कर्मवीर ढाणी छतरीयां,किसान सभा जिला सचिव मास्टर राजेंद्र बाटू,पतराम ढाणी ईशर,सीटू जिला प्रधान जंगीर सिंह व धर्मपाल जांडली,नागरिक अधिकार मंच से मोहन लाल नारंग, राजीव सेतिया,जनवादी नौजवान सभा जिला प्रधान एडवोकेट शाहनवाज, सचिव पवन भूथन, ज्ञानविज्ञान समिति संयोजक संदीप महिया ने हिस्सा लिया। मीटिंग में इजराईल द्वारा गाजा पर हमलों, नागरिकों की घेराबंदी व अमरीका की सहायता से इरान को युद्ध के लिए उकसाने की सख्त निंदा की गई। प्रस्ताव पास करके अमरीका व इजराईल की दादागिरी पर रोक लगाने के मुद्दे पर फतेहाबाद डीसी कार्यलय समक्ष धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। जिलाभर के नागरिकों, जनसंगठनों व राजनैतिक कार्यकर्ताओं को इस विरोध कार्यवाई में बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील भी की गई।

#### ईरान हमारा मित्र रहा

उन्होंने बताया कि संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रस्ताओं के विरुद्ध जाकर इजराईल फिलिस्तीन पर ताबड़तोड़ हमले कर रहा है, उनकी मातृभूमि दबाकर उनका कल्लेआम कर रहा है। अब तक 55 हजार से अधिक नागरिक मारे जा चुके हैं, जिनमें बच्चे, बूढे व महिलाएं बड़ी संख्या में है, लाखों नागरिकों के घर, हस्पताल व स्कूल तोपों व मिजाइलों से तबाह कर दिए हैं तथा लोगों को अपनी मातृभूमि छोडने पर मजबूर कर दिया है। ईरान हमारा गहरा मित्र रहा है और हमें डालर की बजाए संकट में भी वस्तुओं व रुपये के आदान प्रदान में अमेरिकी दबाव के बाद दुर्लभ पैट्रोलियम पदार्थ देता रहा है।

## खबर संक्षेप

### वीजा लगवाने के नाम पर 4.07 लाख ठगे

**सिरसा।** जिला के गांव तलवाड़ा खुर्द निवासी विकास कुमार के साथ वीजा लगवाने के नाम पर कंपनी एजेंट ने 4.7 लाख रुपए की ठगी कर डाली। पुलिस को दी शिकायत में विकास कुमार ने बताया कि 13 नवंबर 2024 को वीजा लगवाने के लिए फाइल प्रोसेसिंग के नाम पर एजेंट मनिंद्र कौर पत्नी राहुक (रिशव) और रूप मल्होत्रा को 8000 रूपए फोन पे कर दिए और 26 दिसंबर 2024 को 45000 रुपये फोन पे फिर से कर दिए।

### भाजपा जमाल मंडल की कार्यशाला आयोजित

**चोपटा।** भाजपा के 11 वर्षों की सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जमाल मंडल की ओर से गांव माधोसिंघाना स्थित ई-लाइब्रेरी में शक्ति केंद्र प्रमुखों एवं सह प्रमुखों की कार्यशाला हुई। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य निताशा सिहाग, वरिष्ठ भाजपा नेता निक्कुराम फौजी व भाजयुमो जिला अध्यक्ष कर्ण दुग्गल ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों, योजनाओं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों की ऐतिहासिक उपलब्धियों को विस्तार से बताया।

### पुलिस ने युवक को अफीम सहित किया काबू

**सिरसा।** पुलिस ने शहर के लालबत्ती चौक क्षेत्र से एक युवक को 77 ग्राम अफीम सहित गिरफ्तार किया है। नारकोटिक सेल सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान डबवाली रोड सांगवान चौक से होते हुए लालबत्ती चौक की ओर आ रही थी। इस दौरान पुलिस पार्टी जब लालबत्ती चौक के नजदीक दीप कार एसेसरी की दुकान के पास पहुंची तो सामने एक युवक खड़ा दिखाई दिया।

### विवाहिता ने गले में फंदा लगाकर दी जान

**डबवाली।** शहर के वार्ड नं एक में कथित प्रेम प्रसंग के चक्कर में एक विवाहिता हरप्रीत ने गले में फंदा लगाकर जान दे दी। मृतका के पति जगदीप सिंह ने अपनी पत्नी की मृत्यु के लिए रिश्ते में अपने भतीजे हर्ष दीप को जिम्मेदार ठहराया है। जगदीप डबवाली में एक टेलर के यहां काम करता है और वार्ड नंबर एक में किराए के मकान में रहता है। कल सायं जब वह घर आया तो उसकी पत्नी हरप्रीत बेसुध पड़ी थी। उसे अस्पताल ले जाया गया लेकिन डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### चेक बाउंस के दो मामलों में वांछित काबू

**सिरसा।** पुलिस ने चेक बाउंस के दो मामलों में पंजाब के वांछित को गिरफ्तार किया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी राधेश्याम ने बताया कि आरोपी का सिरसा निवासी अमरजीत सिंह के साथ करीब 3 लाख 40 हजार रुपए का लेनदेन था और समय पर पैसे नहीं देने के कारण मामला कोर्ट तक पहुंचा।

### युवक के साथ 20 हजार की ठगी, मामला दर्ज

**ओढां।** क्षेत्र के गांव नुहियांवाली निवासी सुरज पाल के साथ ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। युवक सुरज पाल को होटल रेटिंग के नाम पर पहले पैसे कमाने का लालच दिया गया। फिर धीरे-धीरे उससे 20 हजार रुपये ऐंठ लिए गए। पुलिस को दी गई शिकायत में सुरज पाल ने बताया कि 21 मार्च 2025 को उसके व्हाट्सएप नंबर पर एक नंबर से मैसेज आया। उसमें लिखा था कि होटल का लिंक भेजा जाएगा जिस पर रेटिंग देनी होगी और इसके बदले आपको पैसे मिलेंगे। अगले दिन 22 मार्च को सुरज ने लिंक पर रेटिंग दी।

## आईआईटी की स्थापना को लेकर तीन सामाजिक संस्थाओं ने प्रस्ताव किया पारित

- केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान को प्रस्ताव पारित कर भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

हरियाणा स्टेट पेंशनर्स समाज सिरसा, बाबा सरसाईनाथनाथ बुक बैंक वेलफेयर ट्रस्ट सिरसा व श्री गौशाला सिरसा ने सिरसा में आईआईटी की स्थापना के लिए प्रस्ताव पारित कर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को भेजा है। ट्रस्ट के अध्यक्ष गुरदीप सैनी, श्री गौशाला के प्रधान राजेंद्र कुमार रातुसरिया व पेंशनर समाज के जिलाध्यक्ष राजेंद्र मोहन गुप्ता ने संयुक्त रूप से बताया कि भारत सरकार की ओर से हरियाणा में भारतीय प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण संस्थान स्थापना की जानी है। यह शिक्षण संस्थान हरियाणा को एक नई बुलंदी प्रदान करेगा। जिला सिरसा हरियाणा की त्रिवेणी है, यहां पर राजस्थान, पंजाब और हरियाणा तीनों राज्यों की संस्कृति का समावेश है। यदि संस्थान सिरसा में स्थापित होता है तो तीन राज्यों के युवा लाभान्वित होंगे। उन्होंने बताया कि जिला सिरसा की भौगोलिक स्थिति बहुत ही अच्छी है यहां वर्षभर मौसम मानव अनुकूल रहता है। उन्होंने बताया कि उपायुक्त द्वारा जिले के गांव मिठीसुरेरां में 300 एकड़ भूमि शिक्षण संस्थान के लिए अधिग्रहण के लिए हरियाणा तकनीकी विभाग औपचारिकताएं अनुसार नकल व जमाबंदी के साथ-साथ ग्राम पंचायत के प्रस्ताव भी लेने आरंभ कर दिए गए हैं। सभी दृष्टिकोण से आईआईटी निर्माण के लिए सिरसा उपयुक्त जिला है। इस अवसर पर शमशेर शर्मा, प्रेम कंदोई, सतीश मित्तल, अजीत सिंह रंगा, अनिल सैनी, नवीन सिंगला, बलवंत सिंह आदि मौजूद रहे।



सिरसा। आईआईटी की स्थापना को लेकर प्रस्ताव पारित करते तीन सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी।

## नहीं बनी एक राय, अब 22 को होगा चुनाव

- नाढोड़ी में श्री कृष्ण गौशाला सेवा समिति के चुनाव के लिए 22 जून को सुबह 10 बजे होगा मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

श्री कृष्ण गौशाला सेवा समिति के संचालन के लिए मैनेजमेंट के चुनाव के लिए एक राय न बनने के लिए अब गोशाला का चुनाव करवाने का निर्णय लिया गया है। गोशाला सेवा समिति के चुनाव के लिए अब 22 जून को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक मतदान होगा। मतदान के तुरंत बाद मतगणना होगी और विजेता पदाधिकारियों की घोषणा की जाएगी। चुनाव अधिकारी विकास बंसल ने रविवार को गौशाला पहुंचकर नामांकन वापसी के बाद उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह अलॉट किए। उन्होंने कहा कि चुनाव निष्पक्ष तरीके से संपन्न करवाया जाएगा।

8 जून को नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई थी। प्रधान पद के लिए चार नामांकन हुए थे। 15 जून को दोपहर 1 बजे तक नाम वापसी के बाद हरि सिंह गोदारा और हरि सिंह खीचड़ ने नाम वापस ले लिए। अब प्रधान पद पर फकीर चंद गोदारा पुत्र भजनलाल और फकीर चंद गोदारा पुत्र रामप्रताप के बीच सीधी टक्कर है। भजनलाल के बेटे को मोटरसाइकिल और रामप्रताप के बेटे को हवाई जहाज का चुनाव चिन्ह मिला है। उपप्रधान पद के लिए नंबरदार राम सिंह भांभू ने नाम वापस लिया। इसलिए केसरलाल भांभू निर्विरोध उपप्रधान चुने गए। सचिव पद पर मेहर मोगा के नाम पर सहमति बनी थी, लेकिन दीपक कुमार समय पर नहीं पहुंचे। इसलिए अब मेहर मोगा को सिलेंडर और दीपक कुमार को प्लेट-कप का चुनाव चिन्ह मिला है। कोषाध्यक्ष पद के लिए धर्मपाल ने नाम वापस लिया। इसके बाद कृष्ण कुमार सुथार को निर्विरोध कोषाध्यक्ष घोषित किया गया।



भूना। श्री कृष्ण गौशाला सेवा समिति नाढोड़ी में नामांकन वापस लेते हुए।

#### सतविंदर व मुकेश के बीच टक्कर

सह सचिव पद पर सतविंदर धारनिया और मुकेश धारनिया के बीच सीधी टक्कर है। सतविंदर को मटका और मुकेश को जग का चुनाव चिन्ह मिला है। गौशाला में प्रबंधन पदों को लेकर मतदान की स्थिति बनने से कई गौ सेवक इसे भविष्य के लिए अच्छा संकेत नहीं मान रहे हैं।

#### पुलिस जांच में खुलासा

## पैसे हड़पने के लिए कर दी पशु व्यापारी विनोद की हत्या

- कारोबार में फैल हो गया था सुखदेव, लाखों के कर्ज में डूबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गांव लांबा में शनिवार को पशु व्यापारी विनोद कुमार का हत्यारा सुखदेव कारोबार में फैल हो गया था और उस पर लाखों का कर्ज चढ़ गया था। सुखदेव की नजर विनोद कुमार के पैसे पर थी उसे पता था कि विनोद कुमार के पास काफी पैसे हैं, पैसे हड़पने की नियत से ही उसने विनोद कुमार की छुरी से गला काटकर हत्या कर दी। यह खुलासा सुखदेव ने पुलिस को दिए ब्यान में किया है। शनिवार को इसी इरादे से वह अपने दो साथियों के साथ विनोद कुमार के घर में घुसा था। बाद में जब विनोद से हाथापाई हुई, तो उसका मर्डर कर दिया। बता दें कि गांव लांबा निवासी पशु व्यापारी 42 वर्षीय विनोद कुमार की शुक्रवार रात को गले पर छुरी के वार करके हत्या कर दी गई थी। हत्या का आरोप उसी के पड़ोसी फुफेरे भाई सुखेदव सिंह पर लगा है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उससे लगातार पूछताछ की जा रही है। आरोपी सुखदेव सिंह ने बताया है कि उस पर तीन-चार लाख रुपए कर्जा होने के कारण वह परेशान रहने लगा था। उसने पहले राजस्थान में काम किया, फिर पंजाब में मीट बेचने का काम करने लगा। मगर, इस काम में उसको इतना फायदा नहीं हो सका कि वह अपना कर्जा उतार सके। उसका पड़ोसी साधन संपन्न व्यक्ति था। उसके पास पैसे भी होते थे। इसी कारण वह विनोद कुमार के घर में पैसे चुराने के इरादे से दो साथियों के साथ गया था। विनोद के जागने पर पहले उससे मारपीट की, फिर छुरी से उसके चेहरे व गर्दन पर वार किए। जिससे उसकी मौत हो गई। रतिया के डीएसपी नरसिंह ने बताया कि आरोपी ने पूछताछ में अपना अपराध स्वीकार किया है। डीएसपी ने बताया कि विनोद व सुखदेव दोनों का घर साथ-साथ है। विनोद कुमार पशु व्यापारी था, इसलिए उसके पास पैसे रहते थे। कर्जा नहीं उतर पाने के कारण सुखदेव सिंह ने इस हत्या की वारदात को अंजाम दिया है।



मृतक विनोद का फाईल फोटो।

## आज पड़ सकती हैं प्री मानसून की बौछारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

शनिवार देर शाम को धूल भरी आंधी चलने के बाद रविवार को लू ने अपनी चपेट में ले लिया असुबह ही लोग पसीने व गर्मी से बेहाल दिखे, दोपहर को तापमान 44 डिग्री के पास पहुंच गया, हालांकि शाम को फिर हलके बादल छा गए। मौसम विभाग ने सोमवार असुबह बूदाबांदी व बारिश की संभावना जताई है। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौसम विभाग के अध्यक्ष डॉ. मदन खिचड़ ने प्रदेश में 18 जून तक मौसम परिवर्तनशील रहने की संभावना जताई है। 19 जून से मानसूनी हवाओं के आने की संभावना से मौसल में बदलाव आएगा, वातावरण में नमी बढ़ेगी, तापमान में गिरावट आएगी।

## तीन दिन से बिजली गुल, 70 परिवार पानी को तरसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

रतिया और कुलां रोड की ढाणियों में पिछले तीन दिन से बिजली नहीं है। शुक्रवार शाम आई तेज आंधी के बाद से आपूर्ति ठप है। इससे 70 से ज्यादा परिवार गर्मी और पानी की किल्लत से परेशान हैं। बिजली न होने से पानी की मोटरें बंद हैं। इंसानों के साथ मवेशियों को भी पानी नहीं मिल रहा। कई परिवारों को दूर-दराज से पानी लाना पड़ रहा है। रतिया रोड की ढाणी के जगदीश बिश्नोई, पवन कुमार धारनिया, विनोद गिला, देवीलाल खिचड़, सतनाम सिंह, सुभाष खिचड़, कृष्ण कुमार, हरदीप सिंह, बब्बू सरदार, नरसीराम और अंबा मल्ली ने बताया कि बिजली विभाग ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की। ढाणी वालों ने बताया कि 220 केवी सिंथला बिजलीघर से धौलू रोड की ढाणियों के रास्ते भूना तक आने वाली लाइन के खंभे आंधी में गिर गए थे। इसी कारण 72 घंटे से बिजली पूरी तरह बंद है। मच्छरों और उमस ने रातों की नींद छीन ली है। बच्चों और बुजुर्गों की तबीयत बिगड़ रही है। ग्रामीणों ने कई बार शिकायत की, लेकिन बिजली निगम के अधिकारी चुप हैं। एसडीओ विजय कुमार से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि जल्द बिजली बहाल नहीं हुई तो धरना प्रदर्शन करेंगे।

#### घर-घर शौर्य सम्मान के तहत कारगिल युद्ध के नायक कृष्ण कुमार की शहादत को किया याद

## शहीद कृष्ण कुमार के परिजनों को सेना ने दिया सम्मान

- 26वां कारगिल विजय दिवस समारोह 26 जुलाई को आयोजित किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चोपटा

कारगिल की लड़ाई में शहीद हुए सत्रहवीं जाट रेजीमेंट के सिपाही कृष्ण कुमार के अदम्य साहस को याद करते हुए भारतीय सेना ने घर-घर शौर्य सम्मान के तहत उनके परिवारजनों से मुलाकात कर सम्मान पत्र व स्मृति चिह्न भेंट किया है। सेना की ओर से हवलदार कमलेश बिश्नोई व सिपाही सुनील ने गांव तरकांवाली में उनके आवास पर पहुंच कर शहीद की पत्नी संतोष देवी, पुत्र मनोज व मुकेश से मुलाकात की और उनकी समस्याएं भी जानी। सेना की ओर से आए प्रतिनिधियों ने बताया कि भारतीय सेना 26वां कारगिल विजय दिवस समारोह 26 जुलाई को आयोजित कर रही है और इसी उपलक्ष्य में घर-घर शौर्य सम्मान के तहत शहीदों के परिजनों को सम्मान पत्र व स्मृति चिह्न घर पर पहुंच कर दिया जा रहा है। उन्होंने यह बताया कि परिजनों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली जा रही है ताकि उनका निवारण किया जा सके। उन्होंने कहा कि मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सपूतों का देश सदैव ऋणी रहेगा। कारगिल युद्ध के दौरान सिपाही कृष्ण कुमार दुश्मन से लोहा लेते हुए 20 वर्ष की आयु में 30 मई 1999 को शहीद हो गए। शहीद कृष्ण कुमार के भाई बलजीत ने बताया कि कृष्ण कुमार 25 दिनों की छुट्टी के बाद 25 मई 1999 को कारगिल पहुंचे थे।



सिरसा। शहीद कृष्ण कुमार के परिजनों को सम्मान पत्र देते सेना के जवान।



## हरियाणवी पहनावा

हरियाणा का पारंपरिक पहनावा पुरुषों के लिए धोती, कुर्ता और पगड़ी, और महिलाओं के लिए घाघरा, चोली और चुंदड़ी है, जो राज्य की सांस्कृतिक पहचान को दर्शाते हैं। हालांकि शहरी महिलाओं और पुरुषों में अब यह पहनावा कम ही देखने को मिलता है। युवाओं में तो आधुनिक वेशभूषा का ही क्रेज है। स्कूल व कॉलेजों के सांस्कृतिक समारोहों में जरूर यह पारंपरिक पहनावा देखने को मिल जाता है।

# हमारी योग पद्धति का दुनिया में बज रहा डंका

**भारत सरकार ने योग और संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए हरियाणा के कई युवाओं को विदेशों में भेजा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका स्थित संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने को लेकर प्रस्ताव रखा था, जिस पर 177 देशों ने सहमति दी थी। इसके तहत 11 दिसंबर 2014 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली थी। पहली बार 21 जून 2015 को पूरे विश्व में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया और यह आज तक बदस्तूर जारी है।**

**भारत को योग का घर माना जाता है। योग की उत्पत्ति 5000 साल पहले उत्तरी भारतीय सिंधु सभ्यता में हुई थी। सिंधु घाटी सभ्यता में योग के अभ्यास के साक्ष्य मिले हैं। वैदिक काल में भी योग की परंपरा थी। ऋग्वेद में योग शब्द का उल्लेख मिलता है। शास्त्रीय काल में महर्षि पतंजलि ने योग सूत्र नामक ग्रंथ में योग के विभिन्न पहलुओं को व्यवस्थित रूप से संकलित किया था। वर्तमान काल में योग दुनियाभर में विभिन्न रूपों में प्रचलित है और इसकी लोकप्रियता निरंतर बढ़ रही है।**

योग और संस्कृति

**राज कुमार नरवाल**

योग स्वस्थ तन एवं मन की प्राप्ति के लिए की जाने वाली एक क्रिया है। योग एक अत्यंत आध्यात्मिक, शारीरिक और मानसिक अभ्यास है, जिसकी उत्पत्ति प्राचीन भारत में हुई थी। भारत को योग का घर माना जाता है। योग की उत्पत्ति 5000 साल पहले उत्तरी भारतीय सिंधु सभ्यता में हुई थी। सिंधु घाटी सभ्यता में योग के अभ्यास के साक्ष्य मिले हैं।

वैदिक काल में भी योग की परंपरा थी। ऋग्वेद में योग शब्द का उल्लेख मिलता है। शास्त्रीय काल में महर्षि पतंजलि ने योग सूत्र नामक ग्रंथ में योग के विभिन्न पहलुओं को व्यवस्थित रूप से संकलित किया था। वर्तमान काल में योग दुनियाभर में विभिन्न रूपों में प्रचलित है और इसकी लोकप्रियता निरंतर बढ़ रही है। साल 2014 में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका स्थित संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा था। जिस पर 177 देशों ने अपनी सहमति जताई थी। 11 दिसंबर 2014 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली थी। पहली बार 21 जून 2015 को पूरे विश्व में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया था। तब से हर साल 21 जून को दुनियाभर के देशों में योग दिवस जोश के साथ मनाया जाता है। हरियाणा में भी प्राचीन समय से ही योग की परंपरा रही है। शुरू से ही यहां पर कसरत, कबड्डी व कुश्ती जैसे क्रिया कलाप होते रहे हैं। यहां तक कि शिक्षा के केंद्रों में भी विद्यार्थियों को इनका अभ्यास करवाया जाता रहा है। हरियाणा के लोगों को बचपन से ही शारीरिक श्रम करने का शौक रहा है। आज भी हरियाणा के अनेक खिलाड़ी ओलंपिक खेलों में मेडल जीतकर देश का नाम रोशन कर रहे हैं।



कुरुक्षेत्र के अजय राठी फिलहाल स्पेन में योग की शिक्षा का प्रचार कर रहे हैं। वे स्पेन के अलावा त्रिनिनाद, टोबागो, डोमिनिका, ग्रेनाडा, आदि देशों में योग गतिविधियों का सुपरविजन कर रहे हैं।

## विदेशों में योग सिखा रहे हरियाणवी

हरियाणा प्रदेश के विभिन्न जिलों से कई योग शिक्षक विदेशों में इंडियन कल्चर डिप्लोमैट के तौर पर योग और भारतीय संस्कृति का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। महम के खरकड़ा गांव से डॉ. सोमवीर आचार्य सुरीनेम में भारतीय योग दर्शन, हिंदी, संगीत, नृत्य आदि का फैलाव कर रहे हैं। डॉ. सोमवीर आचार्य ने बताया कि कुरुक्षेत्र के अजय कुमार राठी फिलहाल स्पेन में योग की शिक्षा का प्रचार कर रहे हैं। वे स्पेन के अलावा त्रिनिनाद, टोबागो, डोमिनिका, ग्रेनाडा, मोन्सट्रेट आदि देशों में योग गतिविधियों का सुपरविजन कर रहे हैं। अजय कुमार राठी इससे पूर्व रूस और चीन में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इससे पहले भारत सरकार ने पानीपत के कवि गांव निवासी डॉ. देवेंद्र सिंह को हांगकांग, फरीदाबाद के मनोज को स्पेन, झज्जर से जयवंती सिंह को स्लोवाकिया, झज्जर के आशीष गहलावत को सऊदी अरब, डीघल के राम अहलावत को रूस में, बरहाना से अजीत अहलावत को पोर्ट मोरेस्बई, मातनहेल गांव की बहु सोनू को बेल्जियम भेजा था। इनके अलावा भी हरियाणा के कई युवक युवतियां विदेशों में योग एवं प्राणायाम और भारतीय संस्कृति का प्रचार प्रसार करने में जुटे हैं



डॉ. सोमवीर आर्य (द्वितीय सचिव) सांस्कृतिक राजदूत, भारतीय राजदूतावास, सूरीनाम, दक्षिणी अमेरिका।



भारतीय संस्कृति और योग के शिक्षक रोहतक, (हरियाणा) निवासी डॉ. जसबीर उच्चायोग के आधिकारिक क्षेत्र अकरा, घाना में योग गतिविधि की देखरेख करते हैं।

## योग के मुख्य अंग

**यम :** सामाजिक आचरण (सत्य, अहिंसा, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह)
**नियम :** व्यक्तिगत आचरण (शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय, ईश्वरप्रणिधान)
**आसन :** शारीरिक मुद्राएं
**प्राणायाम :** श्वास नियंत्रण
**प्रत्याहार :** इंद्रियों को नियंत्रित करना
**धारणा :** एकाग्रता
**ध्यान :** चिंतन
**समाधि :** ध्यान की चरम अवस्था।

आज, योग एक लोकप्रिय व्यायाम और कल्याण पद्धति के रूप में दुनिया भर में जाना जाता है। योग का नियमित अभ्यास शरीर को स्वस्थ और लचीला बनाता है, मानसिक शांति और संतुलन प्रदान करता है, और समग्र कल्याण को बढ़ावा देता है।

## योग प्रोटोकॉल में शामिल मुख्य बातें

**प्रार्थना :** योग अभ्यास की शुरुआत से पहले, शांति और सकारात्मकता के लिए प्रार्थना की जाती है.

**चालन क्रिया :** शरीर को वार्म-अप करने और लचीलापन बढ़ाने के लिए, गर्दन, कंधे, कमर, और घुटनों की चालन क्रियाएं की जाती हैं.

**आसन :** योग के मुख्य भाग में, विभिन्न आसन (जैसे खड़े होकर, बैठकर, पेट के बल, और पीठ के बल) किए जाते हैं.

**प्राणायाम :** सांस लेने की तकनीकें, जैसे कपालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, और शीतली, शरीर और मन को शांत करने के लिए की जाती हैं.

**ध्यान :** ध्यान के माध्यम से, एकाग्रता और मानसिक शांति प्राप्त करने का अभ्यास किया जाता है.

**संकल्प :** योग अभ्यास के अंत में, एक सकारात्मक संकल्प लिया जाता है, जो पूरे दिन के लिए प्रेरणा प्रदान करता है.

**शांति पाठ :** योग सत्र के समापन पर, शांति और सद्भाव के लिए शांति पाठ किया जाता है।

## कृष्ण, महावीर व बुद्ध ने भी योग का विस्तार किया

भगवान शंकर के बाद वैदिक ऋषि-मुनियों से ही योग का प्रारम्भ माना जाता है। बाद में कृष्ण, महाबीर और बुद्ध ने इसे अपनी तरह से विस्तार दिया। इसके पश्चात पतंजलि ने इसे सुव्यवस्थित रूप दिया। इस रूप को ही आगे चलकर सिद्धपंथ, शैवपंथ, नाथपंथ, वैष्णव और शाक्त पंथियों ने अपने-अपने तरीके से विस्तार दिया।

## सामान्य योग प्रोटोकॉल में ये अभ्यास शामिल

21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर, सामान्य योग प्रोटोकॉल में प्रार्थना, योग आसन (जैसे ताड़ासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, शलभासन, सेतुबंधासन, उत्तानपादासन, शवासन), प्राणायाम (जैसे कपालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, शीतली), ध्यान, संकल्प, और शांति पाठ जैसे अभ्यास सिखाए जाते हैं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर, आयुष मंत्रालय द्वारा जारी सामान्य योग प्रोटोकॉल में इन अभ्यासों को शामिल किया गया है, ताकि शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण को बढ़ावा दिया जा सके।



कविता

**डॉ. शील कुमार**



## भारत की हो जय जयकार

परम वैभवी भारत बणज्यआ,
संघ शक्ति का हो विस्तार।
पांच करैं परिवर्तन जग मैं,
भारत की हो जय जयकार।।

ना भेद-भाव हो मन मैं,
ना मंदिर-कुआं न्यारा हो।
ना जात-पात हो दिल मैं,
बस सबका भाई चारा हो।
सामाजिक समरसता होज्या,
मिट ज्यागी सारी तकरार।
पांच करैं परिवर्तन जग मैं,......

कुटुंब प्रबोधन करकै,
घर मैं सबनै सम्मान मिलै।
हों बालक आज्ञाकारी,
और देश-धर्म का ज्ञान मिलै।
टुटणै तै परिवार बचैंगे,
घर मैं बणे रहं संस्कार।
पांच करैं परिवर्तन जग मैं,......

स्व का भाव जगाकै,
स्वदेशी का इब ध्यान करो।
स्वभाषा व संस्कृति,
महापुरुषों पै अभिमान करो।
उज्ज्वल अपणी परम्परां सैं,
जीवन का सैं ये आधार।
पांच करैं परिवर्तन जग मैं,......

इब पाणी खूब बचाणा,
और प्लास्टिक दूर भगाणा सै,
पौधे नये लगाकै,
पर्यावरण बचाणा सै।
शुद्ध हवा और पाणी होज्या,
स्वस्थ रहैगा सब संसार।
पांच करैं परिवर्तन जग मैं,......

हों यातायात के नियम,
चाहे बिजली फेर बचाणी हो।
सरकारी सम्पत्ति की,
हांम कदै करां ना हानि हो।
नागरिक के कर्तव्य निभावां,
भारत मां के पहरेदार।
पांच करैं परिवर्तन जग मैं,......

रागनी

**भूपसिंह भारती**



## पेड़ ही पेड़ लगाओ

जग म्ह जीणे की खातिर, पौधे पांच लगाओ।
सूखी अर वीरान धरा नै, फेर तै हरी बणाओ।।

धरती की हम करा रूखाली, बण कै सच्चे माली,
फळ फुलां तै लदी रहै सै, म्हारी एक एक डाली,
फेर करी क्यूं नजर कुढ़ाली, हमनै काट बगाओ।

गहरी सीली छाया द्याँ, अर द्वां हम अन्न पाणी,
जीव जंतु संतान सगी रै, ना समझी कदे बिराणी,
कदे ना कदर पिछाणी, थम म्हारा गळ कटवाओ।

समझ नहीं थारै आई, हम धरती के आभूषण,
पर्यावरण नै शुद्ध करा, भई करकै दूर प्रदूषण,
पेड़ करै सबका पोषण, थम शोषण नै रुकवाओ।

सब बातां नै छोड़ कै सारे, मिल कै शपथ उठाओ,
पेड़ो की रखवाळ करो अर, पेड़ ही पेड़ लगाओ,
कहै 'भारती' पेड़ लगाकै, इणका संताप मिटाओ।

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

केश विन्यास

**हरियाणवी महिलाओं की गौरवशाली पहचान चूंडा साफ-सुथरी और व्यवस्थित जीवनशैली का प्रतीक कहलाता था**

# चूंडा : विलुप्त होती एक हरियाणवी परंपरा



श्रृंगार

**आशा कुमारी**

हरियाणा की सांस्कृतिक परंपराएं जितनी गहरी हैं, उतनी ही आकर्षक भी हैं। लोकगीत, पहनावा, बोली और नृत्य के साथ-साथ यहाँ की स्त्रियों की सजने-संवरने की शैली भी समय-समय पर लोगों का ध्यान आकर्षित करती रही है। ऐसी ही एक विलुप्त होती परंपरा है 'चूंडा' बनाने की हेयरस्टाइल, जो कभी हरियाणा की पहचान और ग्रामीण स्त्रियों की शोभा मानी जाती थी।

### चूंडा क्या होता है?

चूंडा एक पारंपरिक हेयर स्टाइल थी जिसमें महिलाओं के बालों को अलग-अलग सेक्शनों में बाँटकर, बारीकी से छोटी-छोटी चोटियों में गूंथा जाता था। फिर उन सभी चोटियों को मिलाकर सिर के ऊपरी हिस्से पर एक गोल जूड़ा बनाया जाता था। इस जूड़े को सजाने और स्थिर रखने के लिए काले रंग के सूती धागों की मदद से बालों को बाँधा और लपेटा जाता था। ये काम गाँव की एक विशेष महिला जिसे 'नाण' कहा जाता था, करती थी। 'नान' वह स्त्री होती थी जो अनुभवी होती थी चूंडा बनाने में। हर गांव में एक-दो नाण होती थीं जो त्योहारों, शादी-ब्याह और विशेष अवसरों पर युवतियों और महिलाओं से उपहार भी प्राप्त करती थी। आप कह सकते हैं नाण पुराने ज़माने की ब्यूटीशियन होती थी। चुटिला जो काले सूती धागों से बनता था, का इस्तेमाल सबसे ज्यादा चूंडा बनाने के लिये होता था। शादी या त्योहार के अवसरों पर काले धागे जिनके छोर पे लाल, पीले, हरे जैसे रंगीन धागों को भी इस्तेमाल किया जाता था। बालों को बाँधकर आखिर में चूंडे को इन्हीं कपड़ों से लपेटकर एक साफ-सुथरी और सुंदर आकृति दी जाती थी।

### हर दिन नहीं धोए जाते थे बाल

उस समय बालों को जल्दी-जल्दी नहीं धोया जाता था। आमतौर पर महिलाएं सप्ताह में एक बार बाल धोती थीं, और बाकी दिनों में चूंडा बनाने की वजह से बाल धूल और गंदगी से सुरक्षित रहते थे। गूंथे हुए बाल उलझते नहीं थे, और न ही खुले बालों की तरह चेहरे पर आते थे। इस प्रकार चूंडा एक साफ-सुथरे और व्यवस्थित जीवनशैली का प्रतीक था। हरियाणवी बोली में चूंडा को लेकर कई मुहावरे और कहावतें प्रचलित थीं। जैसे कि 'चूंडा पाड़ देना' जो लड़ाई की तीव्रता को दर्शाने के लिए प्रयोग किया जाता था।

### लोकनृत्य में चूंडे की प्रतीकात्मकता

आज भले ही महिलाएं रोज़ चूंडा न बनाती हों, लेकिन हरियाणवी नृत्य में यह आज भी जीवित है। नर्तकियाँ अपने सिर पर एक कोन जैसी आकृति (कार्डबोर्ड या कागज़ की बनी) रखती हैं, जो चूंडे का ही प्रतीक होती है।

यह न केवल एक सजावट होती है, बल्कि यह दर्शकों को हरियाणवी संस्कृति की जड़ों से जोड़ने का काम करती है। इसलिए फिल्मों में भी हरियाणवी पोषाक के साथ सिर पर चूंडे को दर्शाया जाता है। चूंडा बनाना अक्सर अकेले नहीं होता था। नाण जब महिलाओं के बाल बनाती थीं, साथ बैठकर गप्पें मारती थीं, लोकगीत गाती थीं और एक-दूसरे को गाँव की सारी खबरें देती थी। इससे शायद सोशल मीडिया की कमी कुछ पूरी होती होंगी। यह एक सामूहिकता का अनुभव था। इसमें आपसी रिश्ते भी मजबूत होते थे और परंपरा भी आगे बढ़ती थी। आज के समय में, जब जीवन की रफ्तार तेज हो गई है और फैशन ट्रेंड्स इंस्टाग्राम से तय होते हैं, ऐसे में चूंडा जैसी परंपराएं पीछे छूटती जा रही हैं। अब शायद ही किसी लड़की या महिला के सिर पर वह खूबसूरत चूंडा दिखता है, जो उसकी दादी या नानी कभी बनाती होंगी।



### संस्कृति की चोटी पर बंधी स्मृति

चूंडा न केवल एक जूड़ा होता था, बल्कि हरियाणवी स्त्री की गौरवशाली पहचान थी। यह बालों के सजने से कहीं ज्यादा, परंपरा, स्त्रीत्व और सौंदर्य का प्रतीक था। आज जब हम अपनी संस्कृति की ओर पुनः लौटने की बातें कर रहे हैं, तो हमें ऐसी छोटी-छोटी परंपराओं को भी संजोकर अगली पीढ़ी तक पहुंचाना होगा।

### फिर से दिलानी होगी पहचान

हरियाणा के कलाकार चाहें तो अब चूंडा जैसी शैलियों को फिर से पहचान दिलाने की कोशिश कर सकते हैं? इसके लिए लोकनृत्य प्रशिक्षण, गांवों में आयोजित सांस्कृतिक मेलों और स्कूलों की लोककला कार्यशालाओं में चूंडा बनाना सिखाया जा सकता है। युवतियां भी अब इसे एक 'विंटेज हेयरस्टाइल' के रूप में देख सकती हैं।

# लोक साहित्य की वाचन परंपरा का खास महत्व : रविन्द्र रवि

कलाकार

**ओ.पी. पाल**

हरियाणवी संस्कृति में लोक साहित्य को अपनी आवाज के जादू से नया आयाम देते आ रहे रविन्द्र कुमार रवि अनूठी साधना में जुटे हैं। मसलन कवि सम्मेलन, काव्य मंच, आकाशवाणी व टीवी चैनलों के माध्यमों से साहित्य की विधाओं को स्थान मिलता रहा है, लेकिन वह सोशल मीडिया पर साहित्य की वाचन-परंपरा का नया चितेरा बनकर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुके हैं, जो करीब नौ वर्षों से हिंदी और हरियाणवी में अपनी कलम और आवाज के जादूगर के रूप में एक मजबूत व्यक्तित्व और बेहतरीन मंच संचालक के रूप में उभरे हैं।

अंग्रेजी शिक्षक एवं साहित्यविद्, लेखक एवं आवाज के जादूगर रविन्द्र कुमार रवि ने हरिभूमि संवाददाता से बातचीत के दौरान कई ऐसे तथ्यों को उजागर किया है, जिसमें वह अपनी वाचन कला की प्रतिभा के बल पर हरियाणवी संस्कृति में लोक साहित्य की वाचन परंपरा को देशभर की रचनाधर्मिता से जोड़े हुए हैं। रविन्द्र कुमार 'रवि' का जन्म 18 जुलाई 1978 को हरियाणा के रेवाड़ी जिले के गांव सुरेहली में फतेह सिंह और चंद्रकला के घर में हुआ। उनके पिता सेना में देश की सेवा में रहे तथा माता गृहणी के रूप में धार्मिक प्रवृत्ति के साथ परिवार को संस्कार देने में जुटी रही। परिवार में कोई साहित्यिक और सांस्कृतिक माहौल नहीं रहा, लेकिन बचपन से रेडियो सुनने के शौकीन रहे रविन्द्र रवि यादव लोक संस्कृति पर आधारित काव्य सृजन यानी काव्य मंचों पर तरन्नुम में मधुरकंठी काव्यपाठ से छाप छोड़ने में माहिर हैं। पठन पाठन, वाचन, संगीत सुनना, हिंदी हरियाणवी में लिखना उनकी अभिरुचि में समाया हुआ है। रवि ने नाहड़ के सरकारी कालेज से स्नातक, मोरनी हिल्स से जेबीटी की पढ़ाई पूरी की, जिसके बाद छह वर्ष तक एक प्राइवेट स्कूल में शिक्षक के रूप में कार्यरत रहे। इनकी बाद में दिल्ली सरकार के स्कूल में अंग्रेजी के जेबीटी शिक्षक के तौर पर नियुक्ति हुई। इसके साथ ही वह अपने लोक साहित्य को नया आयाम देते हुए रचनात्मक कार्य में जुटे रहे। वर्ष 2016 में वे बोल हरियाणा के एक बड़े मंच से जुड़े और उनकी इस कला की प्रतिभा को ऐसे पंख लगे कि उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। बकौल रवि उन्होंने बोल हरियाणा देश के विभिन्न कोनों के वरिष्ठ रचनाकारों की चार सौ से ज्यादा लघुकथाओं तथा 'बोल किताबों ताई के' नामक शीर्षक से अपनी हरियाणवी रचनाओं की एक लंबी श्रृंखला को स्वर देकर विशिष्ट पहचान बनाई। अब तक वह करीब पांच सौ बोल किताबो ताई के लिख चुके हैं। फोटो आधारित इन छह पंक्तियों में हरियाणवी जीवन के हर पहलू को लिखने का प्रयास किया है। वहीं उन्होंने कोरोना काल में अपने उक्त स्थायी स्तंभों के अलावा एक चिट्ठी अपनों के नाम, माई लाइफ ड्यूरिंग लॉकडाउन, आपके जज्बात के साथ आदि समसामयिक स्तंभों का लेखन करके अपना रचनात्मक योगदान दिया है। उनका कहना है कि अंग्रेजी उनके कार्य क्षेत्र के लिए एक विषय है, लेकिन हिन्दी भाषा रगों में रची-बसी है और हरियाणवी मां बोली है।





### यहां से मिली मंजिल

आवाज के जादूगर रविन्द्र रवि ने बताया कि उनकी इस रचनात्मक यात्रा में जनवरी 2019 में एक नया पड़ाव उस समय आया, जब उन्होंने इसी परंपरा पर आधारित नवाचारी प्रकल्प प्रारंभ किया। बोलता साहित्य-विद रवि यादव नामक इस यूट्यूब चैनल के माध्यम से उन्होंने फिर नए प्रयोग करने शुरू किए। इसी माध्यम से वह अभी तक शताधिक लघुकथाएं, करीब एक दर्जन कहानियां, डेढ़ सौ से ज्यादा कविताएं, काफी ज्यादा संख्या में समीक्षाएं, संस्मरण, पत्र आदि रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर प्रसारित कर चुके हैं। वह विभिन्न प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन भी कर चुके हैं तथा प्रसारित संस्मरणों पर आधारित कुटुंब नामक एक ई-बुक भी लॉन्च कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि कथा कहानी कार्यक्रम में 400 से ज्यादा लघुकथाओं का प्रसारण हुआ इसके साथ-साथ बड़ी कहानियां एवं कविताओं का भी प्रसारण रेडियो बोल हरियाणा पर हुआ। आधुनिक युग में लोक कला एवं संस्कृति को लेकर रविन्द्र कुमार रवि का कहना है कि हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत सदियों पुरानी और समृद्ध रही है। हरियाणा की लोक संस्कृति, कला, रंगमंच और साहित्य ने सदा से समाज को दिशा दी है। इस आधुनिक युग में भी लोक कला और संस्कृति ने अपना विशिष्ट स्थान बए रखा है।

### पुरस्कार और सम्मान

अपनी इस अनूठी साहित्यिक कला की साधना में जुटे रविन्द्र रवि को अनेक सम्मानों से नवाजा जा चुका है, जिनमें प्रमुख रुप से बोल हरियाणा गौरव सम्मान, लघुकथा हितैषी सम्मान, हिंदी गूंज पुरस्कार, हिन्दी भाषा के प्रचार प्रसार के लिए हिन्दी सेवी सम्मान, शिक्षा के क्षेत्र में आउट स्टैंडिंग टीचर ऑफ डेल्ही शिक्षक सम्मान, वेस्ट दिल्ली जोनल बेस्ट टीचर अवॉर्ड, यूनेस्को के वर्ल्ड वाइड न्यूज लेटर में सम्मान के अलावा अनेक सामाजिक,साहित्यिक और सांस्कृतिक संस्थाओं से भी अनेक पुरस्कार मिल चुके हैं।

खबर संक्षेप

### सुल्फा के सप्लायर को किया गिरफ्तार

**नारनौंद।** सीआईए स्टाफ पुलिस ने एक किलो 14 ग्राम सुल्फा के असल सप्लायर वार्ड 11 निवासी सागर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार आरोपित युवक ने कुछ दिनों पहले गौतम कॉलोनी नारनौंद के अंकित को एक किलो सुल्फा सप्लाई किया था। आरोपित युवक के खिलाफ थाना नारनौंद में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। सीआईए टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में तीन आरोपितों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। आरोपित युवक को अदालत में पेश किया गया, जहां से आगामी जांच के लिए उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### 7.62 ग्राम हेरोइन के सहित सप्लायर गिरफ्तार

**नारनौंद।** नारनौंद पुलिस ने 7.62 ग्राम हेरोइन के असल सप्लायर सुलचानी निवासी बिट्टू को गिरफ्तार किया गया है। उसको कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया गया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार आरोपी ने गत दिनों पहले काली पत्नी सुनील निवासी सुलचानी को 7.62 ग्राम हेरोइन सप्लाई की थी। आरोपित के खिलाफ थाना नारनौंद में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। थाना नारनौंद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### सुल्फा सप्लायर को किया गिरफ्तार

**नारनौंद।** सीआईए पुलिस ने 440 ग्राम सुल्फा के असल सप्लायर मुंढाल खुर्द निवासी धर्मवीर को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार आरोपित युवक कुछ दिनों पहले अम निवासी मुंढाल को 440 ग्राम सुल्फा सप्लाई किया था। उसके के खिलाफ थाना बास में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। सीआईए स्टाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## 3 गांवों को नए सरपंच मिले

# फतेहाबाद जिले में पंचायत उपचुनाव शांतिपूर्वक संपन्न

- गांव काताखेड़ी में सुमन कौर, सूलीखेड़ा में सुरेश कुमार ने जीत दर्ज की जबकि अलीसदर में पुरूषोतम इंसा को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिले में रविवार को पंचायत उपचुनाव शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गए। सायं 6 बजे तक वोटिंग के बाद रिजल्ट जारी किए गए।

गांव काताखेड़ी में सुमन कौर, सूलीखेड़ा में मास्टर सुरेश कुमार ने जीत दर्ज की। जबकि गांव अलीसदर में पुरूषोतम इंसा को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। गांव तामसपुरा के अपदस्थ सरपंच उच्चतम न्यायालय से स्टे ऑर्डर लाने के कारण चुनाव स्थगित कर दिया गया।

याद रहें कि पिछली बार गांव काताखेड़ी में सरपंच पद पिछड़ी जाति के लिए आरक्षित था, लेकिन गांव में पिछड़ी श्रेणी का कोई मतदाता न होने के कारण चुनाव नहीं करवाए जा सके थे। इस बार हुए चुनाव में गांव काता खेडी में कुल 612 में से 531 वोट डाले गए। इसमें से सुमन कौर को 347 जबकि प्रतिद्वंदी कुलदीप कौर को 183 वोट मिले। 164 वोटों से जीतकर सुमन कौर सरपंच बनी हैं। गांव सुलीखेड़ा में कुल 1647 में से 1308 मतदाताओं ने वोट किया। इस गांव में चार उम्मीदवार मैदान में थे। इनमें मास्टर सुरेश कुमार, राजेश पुत्र महादेव, राजेश व सतपाल शामिल रहे। मास्टर सुरेश कुमार को 550, राजेश पुत्र महादेव को 360, राजेश के 276 और सतपाल के 114 वोट आए। गांव अहली सदर में पुरुषोत्तम लाल इन्सां को सर्वसम्मति से सरपंच चुन लिया गया। इस गांव में सरपंच पद अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित था। गांव के पहले चुने गए सरपंच रमनदीप राय ने सरकारी नौकरी मिलने के कारण सरपंच पद से त्याग पत्र दे दिया था। इसके बाद कुछ समय के लिए पुरुषोत्तम इन्सां ने कार्यवाहक सरपंच के रूप में काम किया। अब उपचुनाव में उन्हें सर्वसम्मति से सरपंच चुन लिया गया। हालांकि, जिले में 4 सरपंच, 43 पंच और 1 ब्लॉक समिति सदस्य पद के लिए उपचुनाव होना था। लेकिन गांव तामसपुरा के अपदस्थ सरपंच द्वारा उच्चतम न्यायालय से स्टे ऑर्डर लाने के कारण वहां उपचुनाव टल गया है।








### जिले में खाली रहेंगे 11 पंच पद

जिले में 11 पंचों के पद एक बार फिर खाली रह जाएंगे। यहां उपचुनाव नहीं हो पाया ,क्योंकि इन 11 पदों पर एक भी व्यक्ति ने नामांकन नहीं करवाया है। नामांकन नहीं होने के कारण ये पद खाली रह गए।

# किसान के बेटे तनिष ने किया नीट क्वालीफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

मन में निश्चय लग्न और मेहनत से किया गया हर कार्य हमेशा पूरा होता है। ऐसा ही लोहारी राघों के न्यू आदर्श हाई स्कूल में पढ़ने वाले छात्र तनिष ने कर दिखाया। वह बचपन से ही डॉक्टर बनने का सपना पाले हुआ था। उसकी मेहनत उसकी मंजिल तक ले गई। गांव लोहारी राघो के तनिष पुत्र अनिल ने जारी हुए नीट यूजी के परिणाम में 594 अंक प्राप्त कर सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। तनिष का ऑल इंडिया रैंक 1854 व कैटगरी रैंक 139 है। तनिष के पिता एक साधारण किसान हैं। और माता निजी स्कूल में प्राइमरी अध्यापिका है। तनिष ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं अध्यापक को दिया। तनिष को डॉक्टर बनने की प्रेरणा अपने पडोस में रहने वाले भाई से मिली वो एक बेहतरीन कार्डियोलॉजिस्ट बनना चाहता हैं। तनिष बताया कि निरंतर किया गया प्रयास एक दिन आपको मंजिल तक आवश्य पहुंचता है। वह बचपन से ही डॉक्टर बननकर लोगों की सेवा करना चाहते थे।



तनिष।

### गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में बैचलर ऑफ फार्मेसी कोर्स में दाखिला प्रक्रिया शुरू

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए बैचलर ऑफ फार्मेसी पाठ्यक्रम में दाखिला प्रक्रिया शुरू हो गई है। गुजविप्रौवि सहित हरियाणा के फार्मेसी शिक्षण संस्थानों में संचालित इस कार्यक्रम में दाखिला हरियाणा स्टेट टेक्निकल एजुकेशन सोसायटी द्वारा किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा संचालित सभी चिकित्सीय कोर्स रोजगारोन्मुखी हैं। विद्यार्थी अपनी रूचि के अनुसार इन कोर्सिज में दाखिला लेकर अपना करियर बना सकते हैं। उन्होंने बताया कि विभाग में उच्च स्तरीय 13 प्रयोगशालाएं हैं। अंडरग्रेजुएट व पोस्टग्रेजुएट विद्यार्थियों के लिए अलग-अलग प्रयोगशालाएं हैं। साथ ही विभाग में अलग से एनीमल हाउस की सुविधा उपलब्ध है, जहां पर छोटे चूहे, खरगोश आदि पर दवाइयों की टेस्टिंग होती है।

# 4 लाख की हेरोइन सहित तस्कर काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

टोहाना में सीआईए पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। सीआईए टीम ने नए बाइपास पर लोहाखेड़ा मार्ग के पास से एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान समैन निवासी संदीप गिल के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के निर्देशन में चल रहे नशा मुक्त भारत अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। डीएसपी उमेद सिंह व सीआईए प्रभारी उप निरीक्षक अशोक कुमार के अनुसार, पुलिस कर्मी अजय की टीम को गश्त के दौरान सूचना मिली जिसमें मुखबिर ने बताया कि संदीप गिल किसी व्यक्ति को हेरोइन की आपूर्ति करने के लिए टोहाना के बाइपास पर खड़ा है। पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर दबिश दी। आरोपी पुलिस को देखकर भागने लगा, लेकिन टीम ने उसे पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से 50.17 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। इस हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 4 लाख रुपए आंकी गई है। शहर थाने में आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पूछताछ में आरोपी से नशा तस्करी से जुड़े कई अहम सुराग मिलने की सम्भावना हैं। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है ताकि नशे के नटवर्क को खत्म किया जा सके।



**फतेहाबाद।** पुलिस गिरफ्त में तस्कर।

# हड़ौली में नशे की ओवरडोज से व्यक्ति की मौत

- कार में लेकर गए थे दो दोस्त, नशे की ओवरडोज से हालत बिगड़ी तो सडक़ किनारे छोडक़र भागे, हत्या का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

गांव हड़ौली में रविवार सुबह नशे की ओवरडोज से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक सतबीर सिंह उर्फ फौजी मजदूरी का काम करता था। पुलिस के अनुसार सतबीर को नशे की ओवरडोज देकर हत्या की गई है। बाद में कार सवार आरोपी दोस्त रात को उसको बेसुध अवस्था में बस स्टैंड के पास घर से थोड़ी दूरी पर सडक़ किनारे छोड़ गए। पुलिस ने इस मामले में मृतक के पिता की शिकायत पर उसके तीन दोस्तों पर हत्या का मामला दर्ज किया है। रतिया पुलिस ने इस मामले में दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, गांव हड़ौली निवासी सतबीर सिंह उर्फ फौजी (40) मजदूरी करता था। वह गांव में ही किसी जमींदार की ठेके पर जमीन काश्त करता था। रतिया के डीएसपी नरसिंह ने बताया कि शनिवार को गांव हड़ौली निवासी सतबीर सिंह उर्फ फौजी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जांच में सामने आया कि वह अपने गांव के दो दोस्तों के साथ गांव रत्ताखेड़ा गया था। वापसी के दौरान आरोपियों ने सतबीर सिंह को नशे की ओवरडोज दे दी, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। इसके बाद दोनों आरोपी उसे सडक़ किनारे छोडक़र फरार हो गए। गंभीर अवस्था में सतबीर सिंह को रतिया अस्पताल लाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रखवा दिया है। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष टीम गठित की। टीम ने दोनों आरोपियों को काबू कर लिया।डीएसपी नरसिंह ने बताया कि मृतक सतबीर के पिता भूरिया सिंह की शिकायत पर तीन व्यक्तियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है। इनमें से दो को पुलिस ने काबू कर लिया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है।



**फतेहाबाद।** पुलिस गिरफ्त में हत्यारोपी।

# बास में पानी की निकासी के मसले पर जींद भिवानी सड़क मार्ग पर लगाया जाम

## जाम में फंसे सांसद गांव की गलियों की हालत देखकर बोले यहां रहना तो नर्क है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

क्षेत्र के गांव बास में पिछले चार साल से पानी की निकासी को लेकर ग्रामीण काफी परेशान है। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने उपायुक्त से मुख्यमंत्री तक शिकायत कर चुके हैं लेकिन आज तक कोई समाधान नहीं हुआ। गुस्साए ग्रामीणों ने रविवार को जींद भिवानी सड़क मार्ग पर गांव बास के बस स्टैंड पर जाम लगा दिया। जाम लगने के कारण सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गई।

जाम में राज्यसभा सदस्य रामचंद्र जांगड़ा भी फंस गए। ग्रामीणों ने उनकी गाड़ी को चारों तरफ से घेर लिया। उन्होंने समस्या का समाधान करवाने के लिए डीसी को फोन लगाया लेकिन उनका फोन रिसीव नहीं हुआ। सांसद ने गाड़ी से उतरकर ग्रामीणों की समझाने की कोशिश की लेकिन ग्रामीण नहीं माने ओर उन्हें पैदल ही गांव की गालियां दिखाने के लिए ले गए। गलियों का हाल देखकर बोले ये तो नरक के समान है।

ग्रामीणों को आश्वासन देकर निकल गए। ग्रामीण मौके पर उपायुक्त को बुलाने पर अड़े हुए थे। थाना प्रभारी मंदीप सिंह ने ग्रामीणों को समझाया और मौके पर बीडीपीओ को बुलाकर समस्या का समाधान करवाने का आश्वासन दिया। उसके बाद ही ग्रामीणों ने जाम को खोला। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि तीन दिन में उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह दोबारा से फिर सड़क जाम करने पर मजबूर होंगे।

ग्रामीणों ने बताया कि बास की पीएचसी हास्पिटल वाली मैन गली में पानी भरा हुआ हैं। वहां से ग्रामीणों का निकलना दूभर हो रहा है। गंदे पानी में कीड़े व मच्छर पनप चुके हैं। गांव में कभी भी कोई बड़ी बीमारी फैल सकती हैं। हमारी मांग है बाबा बाका मन्दिर से जलघर के साथ होते हुए खरबला रोड पर स्थित चिन्हित भूमि तक नाला खुदवाया जाए जो सरकार ने वाटर शिविर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए पांच एकड भूमि खरीदी हुई हैं। वहा पर करीब एक एकड भूमि की खुदाई करवाई जाए वहा से बारह इंची फलड की लाइन ड्रेन तक दबाई हुई हैं। जब उसे जगह पानी की निकासी होगी तो गांव में कहीं पानी नहीं ठहरेगा तभी समस्या का समाधान हो सकेगा।



**नारनौंद।** गांव बास में सड़क पर जाम लगा कर बैठे हुए ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### उपायुक्त को बताएंगे ग्रामीणों की समस्या

राज्यसभा सदस्य रामचंद्र जांगड़ा ने बताया कि ग्रामीणों की समस्या के समाधान के लिए जिला उपायुक्त को फोन किया था लेकिन फोन नहीं उठाया गया। जैसे ही मेरा संपर्क होगा तो उन्हें तुरंत इस समस्या से अवगत करवाकर ग्रामीणों की समस्या का समाधान करवाया जाएगा। इस गांव के लिए मैंने पहले भी ग्रांट भेजी हुई है और गांव की इस हालत को देखकर बड़ा दुख हुआ है। ग्रामीणों की समस्या का समाधान जल्द से जल्द करवाने का काम करूंगा।

### गऊ सेवा होती सबसे उत्तम सेवा : गंगवा

**बरवाला।** निस्वार्थ भाव से जो व्यक्ति गऊ सेवा करता है उस इंसान को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होती है। गऊ सेवा सबसे उत्तम सेवा होती है। यह बात कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा के पुत्र संजीव गंगवा ने गांव बालक में श्री कृष्णा श्री श्री 1008 बाबा ऋद्धनाथ गऊशाला बालक का दौरा करने के बाद उपस्थित लोगों से कही। इस दौरान गौशाला कमेटी ने कैबिनेट मंत्री रणवीर गंगवा के पुत्र संजीव गंगवा को स्मृति चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया। इस अवसर पर गऊशाला के प्रधान महाबीर सिंह, उपप्रधान चांदी राम रेड्डू, बलजीत सिंह, साधुराम रेडडू, रोशन शर्मा बालक, कुलदीप सिंह रेड्डू, बीर, नरेश कुमार, बलवंत सिंह रेड्डू पूर्व सरपंच व अनूप शर्मा, आदि मौजूद रहे।

# नीट परीक्षा परिणाम में सूरज स्कूल के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित नीट की परीक्षा का परिणाम घोषित किया, जिसमें सूरज स्कूल के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने शानदार सफलता अर्जित कर अपने विद्यालय, क्षेत्र तथा माता-पिता के नाम को रोशन किया। संस्था निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि सफलता हासिल करने वाले विद्यार्थियों में नेहा ने 720 अंकों में से सर्वाधिक 584 अंकों के साथ स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। इसी क्रम में खुशी ने 553 अंकों के साथ द्वितीय तथा रुचि ने 549 अंकों के साथ तृतीय, निखिल कुमार ने 547, काव्या ने 545, मनीष ने 541, सुनील कुमार ने 540, प्रियांशु ने 538, अभिषेक ने 537, विष्णु ने 536, आकांक्षा ने 535, मेहा ने 534, विवेक ने 527, हिमांशी ने 525, समीक्षा ने 525, वैभव ने 525, सोमेश ने 520, नमन ने 518, शिवांगी ने 515, माणिक ने 515, हर्षिता ने 514, खुशी ने 513, तनीषा ने 510, हरमन ने 505, समीर ने 502, अविरल शर्मा ने 500, अभिनव ने 498, नेत्रपाल ने 496, सौम्या ने 495, पूजा ने 495, प्रियांशु ने 495, भूपेंद्र ने 493, विशेष ने 490, मेघा ने 487, आकाश ने 485, मुस्कान ने 480, कनक भारद्वाज ने 462 अंक एवं अन्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की। इस अवसर पर संस्था के निदेशक संदीप प्रसाद ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि योजनाबद्ध तरीके से तथा कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प, के बल पर जीवन में बड़ी से सफलता प्राप्त की जा सकती है।



नेहा



खुशी

### पार्ट टाइम जॉब के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी करने वाला काबू

**नारनौंद।** साइबर क्राइम पुलिस ने पार्ट टाइम जॉब लगवाने के नाम पर पांच लाख 67 हजार की धोखाधड़ी मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान जयपुर जिले के बस्सी निवासी विकास उर्फ विक्की के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार थाना साइबर क्राइम एक शिकायत मिली थी। पीड़ित युवक संदीप शर्मा निवासी गढ़ी ने बताया कि वो कोटेक महेन्द्रा बैक हिसार में नौकरी करता है। चार जनवरी 2025 को उसके व्हाट्सएप पर एक मैसेज आया जिसमें पार्ट टाईम नौकरी करके पैसा कमाने का लालच दिया गया। मैसेज करने वाले ने अपना नाम सुनिता शर्मा कम्पनी का नाम ब्राण्ड मार्क एसोसिएट प्राईवेट लिमिटेड बताया। फिर उन्होने मुझे एक लिंक भेज कर टेलीग्राम पर इनवाइट करके मुझे विभिन्न होटलों के लिंक भेजकर रेटिंग देने का काम दिया। उसके बदले में मेरे को हर रेटिंग पर 120 रुपये दिये गये। इस प्रकार उन्होने मेरे खाते मे 240-240 रुपये करके कई बार पैसे डाले। फिर उन्होने मेरे को 6 जनवरी 2025 को ट्रेडिंग का लालच देकर लिंक भेजकर कहा कि आप ये ग्रुप जॉइन कर लो आपका पैसा डबल हो जाएगा। इसके बाद उन्होने मुझसे कई यूपीआई में पैसा ट्रांसफर करवा लिया। जो पैसा भेजे गए लिंक पर दिख रहा था और उसके बाद उन्होने बार बार और पैसा देने के लिए फोर्स किया। जब मैंने उनसे अपना पैसा मांगा तो उन्होने कहा के आपको रुपये देने होगे।

# नीट में आरपीएस के 102 विद्यार्थियों ने हासिल किए 500 से अधिक अंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

एनटीए द्वारा घोषित नीट परीक्षा परिणाम में आरपीएस समूह के छात्रा सारिका ने 720 में से 625 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 86 प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आरपीएस संस्था के 102 विद्यार्थियों ने पूरे देश-प्रदेश में इतिहास रचते हुए 500 से अधिक अंक अर्जित किए हैं। इस परीक्षा परिणाम पर आरपीएस विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, संस्था के सीईओ इंजी. मनीष राव, संस्था के डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने कहा कि आरपीएस एक ऐसा मंच है जहां पर हर बच्चे की प्रतिभा को तराश कर उन्हें उनके लक्ष्य तक पहुंचाने का काम अभिभावकों के विश्वास के अनुरूप किया जा रहा है। यह सब अभिभावकों के विश्वास का ही परिणाम है कि आज उनके बच्चे हर क्षेत्र में अव्वल भूमिका में नजर आ रहे हैं। नीट की परीक्षा में आरपीएस ग्रुप के सारिका ने 720 अकों में से 625 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 86, इकलव्य सिंह ने 616 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 364, गोपेश शर्मा ने 609 अंकों के साथ आल इन्डिया जनरल रैंक 550, रनित ने 607 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 292 प्राप्त किए हैं। इसके अलावा कशिश ने 597 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 508, प्रथम कुमार ने 592 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 653, दिपांशु ने 588 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 1338, दिपेश ने 588 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 1322, आरती ने 586, जानवी ने 585 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 1528, कनिष्का ने 581 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 1204, हिमानी ने 581 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 1251, तनिशका जैन ने 581 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 1743, साहिल ने 580 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 1308 प्राप्त की।



**महेंद्रगढ़।** छात्रा को बधाई देते शिक्षक एवं अभिभावक। फोटो : हरिभूमि

**जागरण** माता वैष्णो देवी मंदिर स्थापना दिवस पर टोहाना में दिव्य जागरण आयोजित

## कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की

# धार्मिक आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत की पहचान: सुभाष बराला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टोहाना

टोहाना के हरपाल चौक स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर के 21वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में भव्य जागरण का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और मां भगवती की चरणों में क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की कामना की। इस अवसर पर संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि धार्मिक आयोजनों की यह जीवंत परंपरा हमारी सांस्कृतिक विरासत को मजबूती देने के साथ-साथ समाज में एकता, समरसता और सद्भाव का वातावरण तैयार करती है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आध्यात्मिक ऊर्जा और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देते हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत न केवल तकनीकी और आर्थिक क्षेत्र में प्रगति कर रहा है, बल्कि संस्कृति और परंपराओं को वैश्विक पहचान दिलाने में भी अग्रसर है। सरकार न केवल भौतिक विकास के लिए कार्य कर रही है, बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मूल्यों को सहेजने के लिए भी निरंतर प्रयासरत है। जागरण जैसे धार्मिक अनुष्ठान हमारी सनातन संस्कृति की अमूल्य धरोहर हैं। ये न केवल आस्था को प्रबल करते हैं, बल्कि सामाजिक सौहार्द, आध्यात्मिक चेतना और मानवीय मूल्यों को भी सुदृढ़ करते हैं। प्रसिद्ध भजन गायकों की सुमधुर प्रस्तुतियों ने संपूर्ण वातावरण को दिव्यता और आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। जागरण की अध्यक्षता नगर परिषद के पूर्व उपप्रधान प्रतिनिधि रविन्द्र मेहता ने की। विशेष अतिथि के रूप में पार्षद रमेश मेहता, संजय सपड़ा, रामकुमार सैनी, समाजसेवी अमित गोयल, प्रवीन गोगिया, डॉ. गगनदीप गर्ग व अधिवक्ता जस्विंद्र सिंह सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।





**फतेहाबाद।** समस्याएं सुनते सुभाष बराला तथा मंदिर में श्रद्धालुओं को संबोधित करते सांसद बराला। फोटो : हरिभूमि

### सांसद ने सुनीं जनसमस्याएं

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला से रविवार को सुबह सुबह ही अनेक नागरिक उनके स्थित निवास पर मिलने के लिए पहुंचे। सांसद ने आत्मीयता से सबकी बातें सुनीं, जनसमस्याओं को गंभीरता से लिया और समाधान हेतु यथासंभव उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि जनसेवा ही मेरा संकल्प है और केंद्र सरकार हर नागरिक तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## खबर संक्षेप

### कार्यकर्ताओं के मन की बात जानेंगे ऑब्जर्वर

**फतेहाबाद।** कांग्रेस के मीडिया कोर्डिनेटर तरसेम शर्मा ने बताया कि जिलाध्यक्ष पद के लिए 68 आवेदन आए हैं। अब सभी ऑब्जर्वर 17 जून से 19 जून तक सभी हलकों में जाकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं से वार्ता करेंगे। उन्होंने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के निर्देशानुसार कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य और फतेहाबाद जिला के एआईसीसी आब्जर्वर वाम्शी चंद रेड्डी 17 जून को टोहाना के मिनी बाइपास पर स्थित होटल पैराडाइज में सुबह 10 बजे, रतिया में 18 जून को होटल इंपीरियल व 19 जून को सुबह 10 बजे श्री राम सेवा समिति धर्मशाला में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से बातचीत करेंगे।

### गांव मढ़ में पीर बाबा का वार्षिक मेला 16 व 17 को

**फतेहाबाद।** पीर बाबा अकबर शाह जी की दरगाह गांव मढ़ में हर वर्ष की भांति वार्षिक मेले का आयोजन किया जाता है। जानकारी देते हुए पीर बाबा अकबर शाह जी सेवा समिति (रजि.) के सेवादारों ने बताया कि आगामी 16 जून सोमवार व 17 जून मंगलवार को मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में प्रसिद्ध कव्वाल कलाकार पीर बाबा की महिमा गुणगान करेंगे। मेले के दौरान गुरु का अटूट लंगर भी चलाया जाएगा। वहीं इस मेले के दौरान फ्री मैडिकल कैम्प का आयोजन भी किया जाएगा। सेवादारों ने बताया कि हर वर्ष मेले में नजदीकी गांवों में श्रद्धालु माथा टेकने व मननतें मांगने आते हैं। सेवादारों ने आहवान किया कि मेले में कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का नशा करके ना आए।

### मुकेश भूटानी बने लायंस डिप्टी डिस्ट्रिक गवर्नर

**भूना।** लायंस क्लब भूना रॉयल के चार्टर्ड प्रेसिडेंट लायन मुकेश भूटानी को लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट ए-3 में डिप्टी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन विशाल वढेरा ने की। उन्होंने लायन भूटानी के नेतृत्व, सेवाभाव और सामाजिक योगदान को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी। यह निर्णय 9 जून को आगरा में हुई डिस्ट्रिक्ट ए-3 की वार्षिक कॉन्फ्रेंस में लिया गया।

### दुकान के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी

**सिरसा।** शहर के बरनाला रोड स्थित एक दुकान के बाहर से चोर मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में थेहड़ मोहल्ला निवासी रोहताश कुमार ने बताया कि बीती 6 जून की दोपहर को वह बरनाला रोड पर दुकान से सामान लेने के लिए गया था। इसी दौरान बाइक बाहर खड़ी कर वह अंदर चला गया। कुछ देर बाद आया तो बाइक गायब मिली।

### तमन्ना व वंश फार्मेसी द्वितीय वर्ष में अव्वल

**सिरसा।** पंडित भगवत दयाल शर्मा यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ एंड साइंस की ओर से फार्मेसी द्वितीय वर्ष के घोषित किए गए परीक्षा परिणाम में राजेंद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज संस्थान के फॉर्मेसी कॉलेज के दो विद्यार्थियों ने संस्थान का गौरव बढ़ाया। संस्थान के चेयरमैन एनके गुप्ता ने बताया कि परीक्षा परिणाम में उनके संस्थान की छात्रा तमन्ना ने इस परीक्षा परिणाम में 725 में से 593 अंक हासिल कर संस्थान में प्रथम वहीं छात्र वंश ने 576 अंक प्राप्त कर संस्थान में दूसरा स्थान प्राप्त किया।

बिना किसी बाहरी कोचिंग के केवल स्कूल में पढ़कर पाई सफलता

# स्कॉलर्स कान्वेंट स्कूल के 5 विद्यार्थियों ने नीट एग्जाम पास कर रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


फतेहाबाद। नीट परीक्षा बच्चों को बधाई देते अभिभवक व टीचर।

शिक्षा को समर्पित फतेहाबाद के स्कॉलर्स कान्वेंट स्कूल के छात्र-छात्राओं ने नीट की परीक्षा को कै्रक कर लगातार दूसरी बार नया कीर्तिमान स्थापित किया है। स्कूल की स्थापना के दूसरे वर्ष में यह सफलता अर्जित की गई है। स्कूल मैनेजमेंट की ओर से बच्चों को और उनके अभिभावकों को उनकी सफलता पर बधाई दी गई। स्कूल के डायरेक्टर शैलेन भास्कर ने बताया कि स्कॉलर्स कान्वेंट स्कूल अपने नाम के अनुरूप बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने बताया कि नीट की परीक्षा में स्कूल के छात्र कोहिनूर बिश्नोई ने 553 अंक लेकर ऑल इंडिया रैंक में 10816 स्थान प्राप्त किया। कोहिनूर ने जनरल ईडब्ल्यूएस कैटिगिरी में ऑल इंडिया 1130वां रैंक हासिल किया । वहीं स्कूल की छात्रा कुमुद बत्रा ने 550 अंक लेकर ऑल इंडिया रैंकिंग में 12350वां स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार स्कूल की ही ड्रॉपर बैच की दो छात्राओं रितु ने 532 अंक लेकर 22769वां और वर्षा ने 527 अंक लेकर 25914वां रैंक प्राप्त किया। स्कूल के रेगुलर बैच के जतिन गुलाटी ने 477 अंक लेकर जनरल केटेगरी में 28888वां रैंक प्राप्त किया। स्कूल के डायरेक्टर शैलेन भास्कर, संरक्षक बनवारी लाल तनेजा और प्रिंसिपल ज्योति शैलेन भास्कर ने स्कूल स्टाफ और बच्चो को बधाई देते हुए कहा कि कोटा और सीकर में कोचिंग सेंटरों में पढने वाले बच्चों पर मनोवैज्ञानिक दबाव के चलते आज से 4 वर्ष पूर्व स्कूल में विशेषज्ञ स्टाफ की नियुक्ति करके बिना किसी बाहरी कोचिंग के नीट और जेईई की तैयारी का प्रकल्प शुरू किया था, जिसके सुखद परिणाम विगत लगातार दो वर्षों में मिले हैं और स्कूल के विद्यार्थियों ने नीट और जेईई में सफलता के सोपान रचे हैं। गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी स्कूल की छात्रा राधिका निझारा ने बिना किसी कोचिंग के स्कूल में तैयारी करके आईआईटी जोधपुर में अपना स्थान सुनिश्चित किया था। इसी के साथ स्कूल की छात्रा तनु कागड़ा का स्कूल बैच से चयन कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में हुआ था। इसी के साथ स्कूल की छात्रा शिविका तनेजा का चयन नई दिल्ली मेडिकल कॉलेज में हुआ था। उन्होंने बताया कि स्कूल में एलीमेंट्री स्तर से लेकर एक व्यवस्थित तरीके से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का एक वातावरण तैयार किया जाता है। जिसके कारण बच्चे घर पर रहकर बिना किसी बाहरी कोचिंग के सफलता अर्जित कर पाते हैं। बच्चों की इस सफलता पर स्कूल की ओर से उन्हें स्कूल में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल की वॉइस प्रिंसिपल सुमन नागपाल, विषय विशेषज्ञ सूरज कुमार मौर्य, विपुल गोयल, विजय यादव, राहुल झा ने बच्चो और उनके अभिभावकों को मिठाई खिला कर उनकी सफलता पर बधाई दी। स्कूल डायरेक्टर शैलेन भास्कर ने कहा कि स्कूल के सूत्र वाक्य आस्था, अध्ययन और अनुशासन के उद्देश्य को लेकर शिक्षण के प्रति अपने समर्पण को जोकि पिछले 43 वर्षों से चल रहा है उससे हज़ारो विद्यार्थी लाभान्वित हुए हैं और आगे भी होते रहेंगे।



## 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल में हिस्सा लेंगे कर्मचारी: बेगराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की ब्लॉक स्तरीय बैठक बिजली बोर्ड यूनियन कार्यालय प्रधान राजपाल मिताथल की अध्यक्षता में हुई। संचालन सचिव इंद्र घासी ने किया। जिला सचिव सुरजीत दुसाद व सीआईटीयू व रिटायर्ड कर्मचारी संघ के नेता बेगराज ने कहा कि 9 जुलाई को पूरे देश में हडताल है। अनुगान है कि 25 करोड़ से अधिक कमंचारी भाग लेंगे और फतेहाबाद के कर्मचारी भी इसमें बढ़चढक़र भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि हड़ताल का आह्वान ग्यारह केन्द्रीय ट्रेड यूनियनो, बैंक, बीमा सहित सार्वजनिक उद्यमों की यूनियनों, केन्द्रीय कर्मचारियों की फैडरेशनों, अखिल भारतीय राज्य सरकारी कामचारी महासंघ व उससे सम्बंधित संगठनों, इलेक्ट्रीसिटी इम्प्लाइज फैडरेशन आफ इंडिया, रोडवेज ट्रांसपोर्ट फैडरेशन, स्कूल टीचर्स फैडरेशन आफ इंडिया जैसे सैकड़ो कर्मचारी और मजदूर संगठनों की ओर से किया गया है। बैठक में राजपाल मित्ताथल ने कहा कि सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर हरियाणा में कच्चे कर्मचारियों को पक्का करवाने के लिए,हरियाणा का अलग से वेतन आयोग गठित करने, महंगाई भत्ते सहित अन्य मांगों को पूरा करने की मांग की है।

### फादर्स डे पर एसो. ने लगाई छबील

**सिरसा।** बीएसएनएल डीओटी पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा फादर्स डे के उपलक्ष्य में बीएसएनएल सिरसा (टेलीफोन एक्सचेंज) के बाहर राहगीरों के लिए शीतल पेय पदार्थो की छबील लगाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ एमआर वर्मा सेवानिवृत्त डीजीएम बीएसएनएल सिरसा ने किया। इस मौके पर राहगीरों को लाहौरी एवं पंजाबी लेमन जीरे की बोतलों का वितरण किया गया। इस मौके पर एमआर वर्मा ने कहा किबीएसएनएल डीओटी पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन समय-समय पर जरूरतमंदों की सहायता करती रहती है और सामाजिक कार्यों में सदैव अग्रणी रहती है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में प्यासे को पानी पिलाने से बड़ा कोई पुण्य नहीं है। आज पिता दिवस भी है, इसलिए भी यह कार्य और खास हो जाता है।

## जनता का असली विकल्प बनकर उभरेगी जजपा

- दिग्विजय सिंह चौटाला ने कार्यकर्ताओं की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


फतेहाबाद। मीटिंग लेते दिग्विजय चौटाला।

जजपा के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा कि जजपा हरियाणा की जनता का असली विकल्प बनकर उभरेगी। हमारा मकसद सत्ता की भूख नहीं, सेवा की भावना है। जजपा ने जब-जब सरकार में भागीदारी की, तब जनता को पानी, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं में कोई समस्या नहीं हुई। वह रविवार को फतेहाबाद की जाट धर्मशाला में कार्यकर्ताओं की बैठक ले रहे थे। इस दौरान अनेक लोगों ने जजपा की सदस्यता हासिल की। इस दौरान जजपा के राष्ट्रीय सचिव कुलजीत कुलडिय़ा, जेजेपी नेता पंकज झाझड़ा, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य होशियार सिंह ढिल्लों, जिला अध्यक्ष रवीन्द्र बेनीवाल, युवा प्रधान मोहित सेठी, यश मेहता, जजपा से फतेहाबाद विधानसभा के प्रत्याशी रहे सुभाष गोरछिया, टोहाना से प्रत्याशी रहे हवा सिंह खोबडा, हलका प्रधान अजय संधू, पार्टी प्रवक्ता कुलदीप सिगड़, अनूप डच, इंद्र झांझड़ा सहित जेजेपी के अनेक नेता मौजूद रहे। इस अवसर पर दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा कि उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के नेतृत्व में हमने यह साबित किया है कि हम भरोसेमंद हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि आने वाले विधानसभा चुनावों में जजपा पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी और किसानों, मजदूरों, युवाओं व महिलाओं की समस्याओं का ठोस समाधान लाएगी। उन्होंने कहा कि यदि सरकार और प्रशासन जनता की बात नहीं सुनती, तो जेजेपी सडक़ पर उतरकर जनसंघर्ष करेगी। उन्होंने कहा, अब वक्त है सच्चे जनप्रतिनिधित्व का।

### एसडीओ पर हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** जनस्वास्थ्य विभाग के उपमंडल अभियंता और उनके साथी कर्मचारी पर हमला करने के मामले में एक आरोपी को सिविल लाइन थाना पुलिस ने काबू कर लिया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों कर्मचारी बाइक पर सवार होकर लघु सचिवालय स्थित जलघर में जा रहे थे। जैसे ही वे रेलवे फाटक के पास पहुंचे, पीछे से तीन चार युवक आए और बाइक सवार कर्मचारियों पर हमला कर चोट मारी और जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़ित कर्मचारियों ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि ओंकार सिंह विभाग में ठेकेदारी का काम करता है और गलत तरीके से काम करवाना चाहता था। 13 मई को कार्यकारी अभियंता कार्यालय में कहासुनी हुई थी। पीड़ित कर्मचारी की शिकायत के आधार पर थाना सिविल लाइन सिरसा में सरकारी कार्यों में बाधा पहुंचाने व चोट मारने की विभिन्न धाराओं के तहत अभियोग दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान शिवलिंग थाना की पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को काबू कर लिया है गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान अजय कुमार पुत्र रामस्वरूप निवासी प्रेम नगर सिरसा के रूप में हुई है।

## राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए लगाई गई छबील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढा


सिरसा। राहगीरों को ठंडा जलजीरा पिलाते हुए दुकानदार।

बाबा रामदेव मंदिर मार्किट ओढ़ा में सर्विस रोड पर आषाढ़ माह की सक्रांति पर सभी दुकानदारों ने मिलकर राहगीरों के लिए ठंडे जलजीरे की छबील लगाई। इस मौके पर उपस्थित दुकानदारों ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से भीष्म गर्मी पड़ रही है। झुलसा देने वाली गर्मी के कारण लोग हलकान हो रहे है। भीषण गर्मी में प्यास से व्याकुल जीव को पानी पिलाना, उसे नया जीवन देने के समान है। गर्मी में प्यासे को पानी पिलाने का कई गुणा फल प्राप्त होता है। इस मौके पर दुकानदार कौर सिंह मिस्त्री, सुखपाल तगड़, जगदीश मेहता, जोगिंदर खुराना, मांगे राम, राजेंद्र सिंह, बलराम वर्मा, बलबीर राजपूत व अन्य मौजूद रहे।

## पार्टी के संगठन को मजबूत करेंगे : तिलक

- कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का संदेश कार्यकर्ताओं तक पहुंचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चोपटा



सिरसा। बैठक में भाग लेते पर्यवेक्षक क्रिस्टोफर व कांग्रेस नेता शमशेर सिंह गोगी।

कांग्रेस के सृजन संगठन अभिन के तहत रविवार को नाथुसरी चोपटा में ऐलनाबाद विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में एआईसीसी के पर्यवेक्षक क्रिस्टोफर तिलक और कांग्रेसी नेता शमशेर सिंह गोगी शामिल हुए। नाथूसरी चोपटा केशिव मंदिर धर्मशाला में आयोजित बैठक में पर्यवेक्षक क्रिस्टोफर तिलक ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का संदेश कार्यकर्ताओं तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के संगठन को मजबूत करने के लिए सभी कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करना होगा। जिलाध्यक्ष की नियुक्ति के लिए मैं यहां कार्यकर्ताओं की राय लेने आया हूं। यह फैसला कार्यकर्ताओं की राय पर आधारित होगा, ताकि जिलाध्यक्ष ऐसा हो, जो संगठन को मजबूती दे सके। बैठक में एक एक कार्यकर्ता ने पर्यवेक्षक से मुलाकात कर अपनी राय रखी। उन्होंने बताया कि विधायक, पूर्व विधायक, पार्षद, पूर्व पार्षद, चेयरमैन और पार्टी के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से भी राय ली जा रही है। यह पद पूरी तरह से पावरफुल और संगठन में अहम होगा। उन्होंने बताया कि जिलाध्यक्ष ऐसा हो, जो संगठन को मजबूती दे। उन्होंने कहा कि सक्रिय और जमीनी स्तर पर जुड़ा कार्यकर्ता ही जिलाध्यक्ष बनेगा। साथ ही उन्होंने आश्वस्त किया कि महिला, पिछड़ा वर्ग और अनुसूचित जाति के कार्यकर्ताओं को संगठन में विशेष भागीदारी दी जाएगी।

## युवा जेजेपी से जुड़ने का अभियान 18 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा




जननायक जनता पार्टी के युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा कि आगामी 18 जून से प्रदेशभर में युवा जेजेपी से जुडऩे के लिए जिला कैथल से युवा जेजेपी जोड़ो अभियान की शुरूआत की जाएगी। इस अभियान के तहत पूरे प्रदेश में कर्मठ युवाओं को पार्टी से जोड़ा जाएगा और पार्टी संगठन को पहले से भी कहीं अधिक सशक्त बनाया जाएगा। दिग्विजय रविवार को जेजेपी के जिला कार्यालय में चार हलकों सिरसा, रानियां, कालांवाली तथा ऐलनाबाद के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की आवश्यक बैठक को संबोधित कर रहे थे। दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि जिले में 25 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य हासिल करने वाला सिरसा पहला जिला होगा। उन्होंने पार्टी के ऐलनाबाद हलके के अध्यक्ष अनिल कासनियांके सुझाव को मानते हुए पूरे जिले में हलकाध्यक्षों का बोझ कम करने के लिए और सदस्यता अभियान को सार्थक बनाने के लिए जिले में अलग अलग जोन इंचार्ज बनाए जाने पर सहमति दी। दिग्विजय चौटाला ने भाजपा शासन को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि आज प्रदेश में भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। प्रदेश में आज कोई भी सुरक्षित नहीं है। दिनोंदिन सरेआम दिन दहाड़े कत्ल हो रहे हैं, युवा परेशान है, नकली वेबसाइट से युवाओं को लूटा जा रहा है और बेरोजगारी की खाई कहीं बढ़ती जा रही है। उन्होंने हिसार में यूनिवर्सिटी में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज को लेकर कहा कि वे छात्रों को न्याय दिलाने के लिए लड़ाई लगातार लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में सिंचाई के लिए तो दूर, पीने का पानी भी नहीं है।

## सरल पोर्टल बना युवाओं के अधिकारों में बाधा, सरकार तुरंत समाधान करे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार का बहुचर्चित सरल पोर्टल अब युवाओं के लिए सुविधा नहीं, बल्कि संकट का कारण बनता जा रहा है। सरकार द्वारा 31 मार्च 2025 के बाद बने प्रमाण पत्रों को ही वैध मानने की शर्त पहले से बने वैध दस्तावेजों को अस्वीकार करने जैसा अन्याय है। इससे हजारों पात्र युवाओं का भविष्य अधर में लटक गया है। सांसद कुमारी सैलजा ने रविवार को जारी एक प्रेस बयान में कहा है कि हजारों युवाओं ने ओबीसी, अनुसूचित जाति (एससी) और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के प्रमाण पत्रों के लिए आवेदन किया है, लेकिन या तो पोर्टल बार-बार क्रैश हो रहा है, ओटीपी नहीं आ रहा या फिर प्रमाण पत्रों में जाति की गलत प्रविष्टि हो रही है। यह केवल तकनीकी त्रुटि नहीं, बल्कि योजनाबद्ध तरीके से सामाजिक न्याय से वंचित करने की साजिश प्रतीत होती है। सरकार द्वारा 31 मार्च 2025 के बाद बने प्रमाण पत्रों को ही वैध मानने की शर्त पहले से बने वैध दस्तावेजों को अस्वीकार करने जैसा अन्याय है। इससे हजारों पात्र युवाओं का भविष्य अधर में लटक गया है। इतना ही नहीं जाति प्रमाण की जगह मृत्यु प्रमाण मांगा जाता है तो कभी कभी डाटा अपलोड ही नहीं होता। उन्होंने हका कि उत्तराखंड में हेलीकॉप्टर दुर्घटना प्रशासनिक विफलता का संकेत है। लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ रही है।

## मेडिकल स्टोर संचालक पर तलवार से किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढा

ओढ़ा निवासी निर्मल सिंह पुत्र अजेब सिंह पर कुछ युवकों ने हमला कर दिया। घटना उस समय हुई जब निर्मल सिंह अपनी मेडिकल दुकान सिधू फार्मेसी पर मौजूद था। पीड़ित के अनुसार गांव के जशनदीप सिंह, हरप्रीत सिंह, रमन, गग्गू सिंह, अवतार सिंह और अन्य युवक दो गाडिय़ों स्विफ्ट, होंडा अमेज और एक बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार होकर उसकी दुकान पर पहुंचे। सभी के पास तेजधार हथियार करपान और कांपे थे। दुकान पर पहुंचते ही आरोपियों ने निर्मल सिंह को गालियां देनी शुरू कर दीं। जब उसने विरोध किया तो जशनदीप ने उसेपकड़ लिया और हरप्रीत सिंह ने तलवार से उनके हाथ पर वार कर दिया और निर्मल सिंह घायल हो गया। इसके बाद सभी आरोपियों ने दुकान में तोडफ़ोड़ की ओर निर्मल के साथ मारपीट की। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी भाग गए। जाते समय आरोपियों ने धमकी दी कि अगर घटना की जानकारी किसी को दी तो जान से मार देंगे। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। घायल को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओढ़ा ले जाया गया जहां से उसे नागरिक अस्पताल सिरसा रेफर कर दिया गया। मेडिकल रिपोर्ट में दो चोटें पाई गईं।

मध्यप्रदेश के इंदौर में हुई थी राष्ट्रीय मत्स्य मीट

## सिरसा के मछली उत्पादक किसानों ने अनुभव किए साझा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा


सिरसा। राष्ट्रीय मत्स्य मीट में सिरसा के मछली उत्पादक भाग लेते हुए।

मध्यप्रदेश के इंदौर में राष्ट्रीय मत्स्य मीट 2025 का आयोजन किया गया, जिसमें जिला मत्स्य अधिकारी सिरसा जगदीश चंद्र, सिरसा के झींगा मछली उत्पादक दो किसान गुरप्रीत सिंह एवं माया देवी ने भाग लिया। सम्मेलन में मछली उत्पादन से जुड़े किसानों ने अपने अनुभव साझा किए। इस भागीदारी में सिरसा की झींगा मछली उत्पादन से जुड़ी उपलब्धियों को देशभर में प्रस्तुत किया। सम्मेलन से लौटने के बाद जिला मत्स्य अधिकारी जगदीश चंद्र ने बताया कि बीती 13 जून को हुए इस सम्मेलन में हरियाणा द्वारा इस क्षेत्र में किए जा रहे कार्य और उपलब्धियों को पेश किया गया।

### प्रदेश सरकार मछली पालन पर दे रही अनुदान

वहीं हरियाणा सरकार द्वारा अनुदान के लिए वर्तमान में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत चौदह लाख रुपए से बढ़ाकर 25 लाख करने की सिफारिश की गई है। उन्होंने कहा कि मत्स्य विभाग का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक जलक्षेत्रों को मछली पालन के अंतर्गत लाना, प्राकृतिक जल स्रोतों में मछलियों का संरक्षण करना, किसानों को उच्च गुणवत्ता का बीज व तकनीकी सहायता देना और मछली विपणन व्यवस्था को मजबूत कर युवाओं को स्वरोजगार से जोडऩा है। मत्स्य पालन प्रदेश में न केवल रोजगार का साधन बन रहा है, बल्कि किसानों की आमदनी बढ़ाने में भी बड़ी भूमिका निभा रहा है।